भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 1711**

10 फरवरी, 2026 को उत्तरार्थ

**विषय-कपास का उत्पादन**

**1711. श्री बस्तीपति नागराजूः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में कुल कपास उत्पादन का वर्षवार, राज्यवार और आंध्र प्रदेश में जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों में कुल कपास बीज उत्पादन का वर्षवार, राज्यवार और आंध्र प्रदेश में जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों में कपास उत्पादन के कुल क्षेत्रफल का वर्षवार, राज्यवार और आंध्र प्रदेश में जिलावार ब्यौरा क्या है;

(घ) पिछले पांच वर्षों में कुल कपास उत्पादन और इसकी खेती के क्षेत्रफल का वर्षवार और कपास की आनुवंशिक किस्मवार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार को देश में खेती की जाने वाली कपास की आनुवंशिक किस्मों के समरूपीकरण की जानकारी है;

(च) यदि हां, तो क्या सरकार ने इसके दीर्घकालिक प्रभाव का आकलन करने के लिए कोई अध्ययन किया है और इसके क्या निष्कर्ष हैं; और

(छ) सरकार द्वारा कपास की देशी किस्मों के संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) से (घ): देश में कपास के राज्यवार क्षेत्र और उत्पादन का विवरण, साथ ही विगत पांच वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कपास के जिलेवार क्षेत्र और उत्पादन का विवरण क्रमशः अनुबंध I और अनुबंध II में दिया गया है।

(ङ.): जी हां, कपास की खेती के अंतर्गत लगभग 95% क्षेत्र में बीटी-कपास (गॉसिपियम हिरसुटम) की खेती की जाती है।

(च): भारत में बीटी-कॉटन के दीर्घकालिक प्रभाव पर किए गए अध्ययनों से पता चला है कि:

1. बीटी-कपास तकनीक ने किस्मों के अंतर्गत आने वाले बड़े बीटी-हाइब्रिड से बदल दिया है, क्योंकि भारत में यह तकनीक केवल हाइब्रिड के रूप में ही उपलब्ध थी।

2. बीटी-कॉटन को अपनाना उपज के रुझान का कमजोर संकेतक है, परंतु कीटनाशकों के उपयोग में प्रारंभिक कमी का एक मजबूत संकेतक है।

3. बीटी-कॉटन ने कपास के एक प्रमुख कीट, अमेरिकन बॉलवर्म (हेलिकोवरपा आर्मिगेरा) को नियंत्रित करना जारी रखा है, हालांकि पिंक बॉलवर्म ने बीटी-प्रोटीन के प्रति प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है और कपास उगाने वाले सभी क्षेत्रों में एक प्रमुख कीट बन गया है, और समय के साथ कपास इकोसिस्टम में सकिंग पेस्ट की संख्या भी बढ़ गई है।

4. किसान अब बीटी-कॉटन की शुरुआत की तुलना में कीटनाशकों पर अधिक खर्च कर रहे हैं।

(छ): आईसीएआर-केंद्रीय कपास अनुसंधान संस्थान (सीआईसीआर), नागपुर, जंगली कपास प्रजातियों, बारहमासी पौधों और स्वदेशी कपास प्रजातियों के जर्मप्लाज्म संरक्षण, प्रलेखन और उपयोग में कार्यरत है। इसके अतिरिक्त, आईसीएआर-सीआईसीआर ने क्रमशः उत्तर और मध्य भारत में जी. आर्बोरियम और जी. हर्बेसियम प्रजातियों के सुधार और प्रचार-प्रसार के लिए समर्पित अनुसंधान परियोजनाएं शुरू की हैं।

**अनुबंध I**

**विगत 5 वर्षों के दौरान कपास का राज्यवार क्षेत्रफल और उत्पादन**

स्रोत: कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

| **राज्य** | **क्षेत्र (हजार हेक्टेयर)** | | | | | **उत्पादन (हजार गांठें)** | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** | **2020-21** | **2021-22** | **2022-23** | **2023-24** | **2024-25** |
| आंध्र प्रदेश | 606.00 | 554.00 | 704.00 | 422.00 | 404.00 | 1600.55 | 1707.62 | 1540.52 | 737.26 | 1131.20 |
| गुजरात | 2270.50 | 2283.70 | 2483.73 | 2683.32 | 2371.65 | 7212.18 | 7509.34 | 8795.33 | 9056.99 | 7156.80 |
| हरियाणा | 739.60 | 635.60 | 574.61 | 577.68 | 398.46 | 1822.90 | 1316.06 | 1000.50 | 1508.76 | 1176.63 |
| कर्नाटक | 820.00 | 674.00 | 949.00 | 743.00 | 678.00 | 2320.12 | 1954.60 | 2567.88 | 2058.55 | 2273.29 |
| मध्य प्रदेश | 588.00 | 560.00 | 595.00 | 630.00 | 537.00 | 1338.56 | 1419.76 | 1433.25 | 1801.06 | 1535.19 |
| महाराष्ट्र | 4544.60 | 4409.97 | 4182.44 | 4234.47 | 4122.98 | 10105.05 | 8249.24 | 8315.67 | 8045.49 | 7372.86 |
| ओडिशा | 171.24 | 193.11 | 216.31 | 216.31 | 238.62 | 550.99 | 625.91 | 704.92 | 704.92 | 822.54 |
| पंजाब | 251.60 | 251.30 | 248.90 | 213.80 | 160.40 | 1022.68 | 645.99 | 443.63 | 628.82 | 414.21 |
| राजस्थान | 807.84 | 755.86 | 814.61 | 1003.79 | 627.39 | 3207.59 | 2480.99 | 2774.47 | 2621.66 | 1786.22 |
| तमिलनाडु | 112.05 | 147.91 | 173.27 | 129.73 | 102.36 | 243.21 | 301.91 | 319.02 | 251.83 | 210.74 |
| तेलंगाना | 2358.00 | 1889.00 | 1972.90 | 1818.00 | 1812.31 | 5797.91 | 4878.06 | 5744.62 | 5079.71 | 5788.73 |
| अन्य | 16.46 | 17.07 | 12.03 | 15.54 | 30.45 | 26.61 | 28.11 | 20.38 | 26.97 | 55.77 |
| **अखिल भारत** | **13285.89** | **12371.52** | **12926.80** | **12687.64** | **11483.62** | **35248.35** | **31117.59** | **33660.19** | **32522.02** | **29724.18** |

# हजार गांठों में कपास उत्पादन, 1 बेल=170 किग्रा

अनुबंध II

**विगत 5 वर्षों के दौरान आंध्र प्रदेश में कपास का जिलावार क्षेत्र और उत्पादन**

| जिला | क्षेत्रफल (हजार हेक्टेयर) | | | | | उत्पादन (हजार गांठें) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 | 2024-25 |
| अल्लूरी सीताराम राजू | 0.00 | 0.00 | 2.68 | 1.98 | 2.01 | 0.00 | 0.00 | 7.61 | 7.19 | 7.18 |
| अनकापल्ली | 0.00 | 0.00 | 0.08 | 0.04 | 0.10 | 0.00 | 0.00 | 0.23 | 0.11 | 0.35 |
| अनंतपुर | 40.64 | 43.37 | 79.06 | 32.71 | 28.60 | 35.37 | 34.11 | 89.94 | 19.53 | 39.32 |
| अन्नामय्या | 0.00 | 0.00 | 0.17 | 0.05 | 0.05 | 0.00 | 0.00 | 0.32 | 0.05 | 0.08 |
| बापटला | 0.00 | 0.00 | 4.78 | 1.35 | 1.75 | 0.00 | 0.00 | 10.26 | 2.84 | 3.56 |
| चित्तूर | 0.09 | 0.15 | 0.03 | 0.00 | 0.01 | 0.26 | 0.25 | 0.06 | 0.00 | 0.01 |
| पूर्वी गोदावरी | 6.96 | 5.02 | 0.20 | 0.04 | 0.02 | 16.00 | 18.53 | 0.56 | 0.12 | 0.08 |
| एलुरु | 0.00 | 0.00 | 3.79 | 3.23 | 3.06 | 0.00 | 0.00 | 11.40 | 5.89 | 7.41 |
| गुंटूर | 162.80 | 109.59 | 27.84 | 18.00 | 21.87 | 458.34 | 383.29 | 90.43 | 75.45 | 103.30 |
| काकीनाडा | 0.00 | 0.00 | 2.06 | 1.82 | 2.12 | 0.00 | 0.00 | 7.50 | 8.02 | 9.37 |
| कृष्णा | 47.85 | 36.17 | 0.32 | 0.12 | 0.39 | 111.34 | 137.40 | 0.90 | 0.39 | 1.33 |
| कुरनूल | 275.80 | 266.37 | 272.56 | 203.84 | 197.83 | 862.96 | 508.88 | 615.12 | 205.69 | 517.15 |
| नंदयाल | 0.00 | 0.00 | 33.24 | 10.44 | 7.18 | 0.00 | 0.00 | 56.98 | 16.96 | 17.71 |
| एनटीआर | 0.00 | 0.00 | 39.21 | 29.41 | 30.94 | 0.00 | 0.00 | 131.04 | 128.36 | 110.51 |
| पलनाडु | 0.00 | 0.00 | 104.95 | 65.60 | 65.91 | 0.00 | 0.00 | 317.73 | 208.37 | 231.91 |
| पार्वतीपुरम मान्यम | 0.00 | 0.00 | 8.85 | 5.41 | 6.31 | 0.00 | 0.00 | 27.23 | 10.56 | 14.09 |
| प्रकाशम | 32.98 | 41.35 | 49.07 | 18.37 | 12.38 | 45.66 | 79.50 | 86.02 | 16.56 | 15.06 |
| एसपीएसआर नेल्लोर | 3.37 | 6.72 | 15.66 | 0.26 | 3.56 | 9.24 | 19.91 | 39.16 | 0.94 | 21.31 |
| श्री सत्य साई | 0.00 | 0.00 | 6.05 | 3.19 | 3.61 | 0.00 | 0.00 | 3.54 | 2.23 | 4.03 |
| श्रीकाकुलम | 3.72 | 3.46 | 1.38 | 1.06 | 1.03 | 13.49 | 9.62 | 3.45 | 3.79 | 3.72 |
| तिरुपति | 0.00 | 0.00 | 0.18 | 0.09 | 0.02 | 0.00 | 0.00 | 0.33 | 0.08 | 0.04 |
| विशाखापत्तनम | 0.81 | 0.27 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.66 | 0.32 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| विजयनगरम | 10.07 | 9.23 | 2.04 | 1.84 | 1.81 | 21.45 | 19.28 | 5.89 | 4.78 | 4.88 |
| पश्चिम गोदावरी | 4.77 | 2.93 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 7.79 | 8.18 | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| वाई.एस.आर. | 16.55 | 29.14 | 49.72 | 23.13 | 13.44 | 16.98 | 53.66 | 40.99 | 19.33 | 18.80 |

# हजार गांठों में कपास उत्पादन, 1 बेल=170 किग्रा

*****